हिन्दू नववर्ष के स्वागत में सजने लगा... हमर कोरबा

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

**सुविचार**
शुद्धं मनः, धर्ममयः जीवनः,
सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु
निरामयाः, नवरात्रि शुभाशयाः।।

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 13 से 19 मार्च 2026


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः । न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

# 28वीं पुण्यतिथि



## स्व. श्री छोटेलाल जी अग्रवाल

**निर्वाण : 15 मार्च 1998**

28 वर्ष पूर्व आज ही के दिन 15 मार्च 1998 को आपका नश्वर शरीर ईहलोक छोड़कर स्वर्गारोहण कर आप अनंत यात्रा पर चले गए। यद्यपि आप आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आपका संघर्ष और कड़ी मेहनत करने की सीख और पुरूषार्थ से अर्थ अर्जित करने की प्रेरणा और जन सेवा का दिया हुआ अनमोल उपहार हमारी धरोहर है। जीवन के हर मोड़ पर हमें आपकी याद आती है और आपके द्वारा बताए गए आदर्श हमें संबल प्रदान करता है।

आज (15 मार्च 2026) आपकी 28वीं पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण करते हुए आपके श्रीचरणों में हमारा शत् शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

संघर्षों में जीना सिखाया, यही हमारा आदर्श और आपकी प्रेरणा हमारा संबल है...

**शोकाकुल**

दिनेश, विकास, पंकज, आशीष,
रवि, विपुल, सारांश, समर्थ,
तनिष्क, लक्ष्य, गौरव, अर्जुन

ॐ शांति

समस्त मातनहेलिया परिवार

**विनीत**

राजबीर प्रसाद अग्रवाल
राजकुमार अग्रवाल
भगवान दास अग्रवाल

**फर्म :**

- सर्वमंगला कंस्ट्रक्शन कम्पनी कोरबा, सारांश गैस सर्विसेस कोरबा
- आद्या फ्युल्स, छत्तीसगढ़ फूड प्रोडक्ट्स, लखनपुर रोड सुतर्रा (कोरबा)
- नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) मो.: 9826670261
- सर्वमंगला मल्टी इन्फ्रा प्रा.लि.
- मे. आर.बी. ट्रेडर्स, मे. छत्तीसगढ़ सेल्स कॉर्पोरेशन कोरबा (छ.ग.)

पिता सन्तः दीपवत् प्रकाशयन्ति पथम्।
तेषां कृते नमनं मम्।।




सुविचार — देहि सौभाग्यमारोग्यं देहि मे परमं सुखम्। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष - 16, अंक-49 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 13 से 19 मार्च 2026 | पृष्ठ - 8, मूल्य-रू.3.00




# चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से : ज्योति कलशों के प्रकाश पूंज से दमकेगा माँ सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083 हिन्दू नववर्ष 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। नववर्ष के स्वागत में जहां प्रकृति का अद्भूत रंग और रोमांच चारों तरफ दिख रहा है, वहीं कोरबा जिले की जीवन रेखा कही जाने वाली माँ हसदेव नदी के तट पर विराजमान जीवंत देवी माँ श्री सर्वमंगला देवी माता के स्वागत में मंदिर प्रबंधन जुट गया है और मंदिर परिसर को रंग रोगन कराने के साथ आकर्षक ढंग से सजाया भी जा रहा है। मंदिर परिसर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराने वाले श्रद्धालु रसीद भी कटा रहे हैं। 19 मार्च से माँ सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर ज्योति कलशों के प्रकाश पूंज से दमक उठेगा।

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से बसंत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन गुरूवार, दिनांक 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगा एवं बसंत चैत्र नवरात्रि पर्व शुक्ल पक्ष नवमी दिन शुक्रवार, दिनांक 28.03.2026 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ एवं उनके श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 901/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।

### मनोकामना ज्योति कलश के लिए इन स्थानों पर करें संपर्क -

माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दर्री रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, एजुकेशन हब, कचहरी चौक, डीडी प्लाजा, जांजगीर - 9098888246, अजय मोबाईल - सब्जी मार्केट के सामने, मंगला चौक बिलासपुर -9098888260, 9098888644, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा- 7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका - 9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।

### रोज प्रातः माँ का श्रृंगार, भोग भण्डारा भी

माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रति सुबह 5.00 बजे होगा। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें, प्लास्टिक का उपयोग न करें।



### आध्यात्मिक शुद्धि का पवित्र पर्व है नवरात्रि

माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक एवं राजपुरोहित पंडित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने बताया कि नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस चैत्र नवरात्रि माँ आदि शक्ति का आगमन डोली में हो रहा है, जो पूरे विश्व के लिए शुभता का संदेश है और आने वाला वर्ष सर्वश्रेष्ठ होगा, इस कामना के साथ यह चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है और 27 मार्च को रामनवमी के साथ संपन्न होगी। उन्होंने बताया शक्ति की पूजा में अनंत शक्ति है और पूजा से सुख, समृद्धि एवं वैभव प्राप्ति के साथ आध्यात्मिक शुद्धि की भी प्राप्ति होती है। वर्ष की शुरूआत देवी की विशेष कृपा से होती है, यह सनातन धर्म में ही संभव है। नौ दिन तक चलने वाला नवरात्रि का महापर्व माँ आदि शक्ति के नौ रूपों - शैल पुत्री, ब्रम्हचारिणी, चंद्रघण्टा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और नवें दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा होने के बाद हवन पूजन और जवारा कलश का विसर्जन होगा। यह आध्यात्मिक जागृति का महापर्व सभी के लिए शुभता का संदेश देकर आए, यही मेरी शुभकामनाएं...।

## झारखंड में एक्शन तो छत्तीसगढ़ में फैला अफीम का नेटवर्क: 2 और गांवों में फसल की चर्चा

**सरगुजा/बलरामपुर, एजेंसी।**

झारखंड में अफीम की अवैध खेती पर बढ़ते एक्शन के बाद तस्करों ने अब छत्तीसगढ़ के सरहदी इलाकों को नया ठिकाना बना लिया है। बलरामपुर जिले के कुसमी और कोरंधा इलाके में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का खुलासा हुआ है।

मसाले की खेती बताकर अफीम की फसल बोई गई। भाजपा नेता के जरिए खेती कराई जा रही थी। अब तक करीब 6 करोड़ 75 लाख रुपए की अफीम की फसल बरामद की जा चुकी है। पुलिस का मानना है कि इस पूरे नेटवर्क के तार झारखंड के सरगनाओं से जुड़े हुए हैं। उन्हें पकड़ने के लिए बलरामपुर पुलिस जांच में जुटी है।

वहीं बलरामपुर के 2 और गांवों में अफीम की खेती की चर्चा है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से अफीम की खेती खोजने की अपील की है। कांग्रेसी बलरामपुर में अफीम की अवैध खेती खोजने में जुटे हुए हैं। छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले में भाजपा नेता के खेत में अफीम की खेती पकड़े जाने के बाद बलरामपुर जिले के त्रिपुरी गांव में भी 3.67 एकड़ जमीन पर अफीम की फसल का खुलासा हुआ। पुलिस ने जशपुर के भाजपा नेता और पूर्व सरपंच जिरहुल समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।



इस कार्रवाई के दौरान खेत से 1 किलो 800 ग्राम अफीम लेटैक्स भी बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, आधी फसल पहले ही निकालकर तस्कर ले जा चुके थे।

**मसाले की खेती बताकर किसानों को फंसाया**

कोरंधा के खजुरी पंचायत के तुर्रीपानी गांव में भी पुलिस ने करीब 2 करोड़ रुपए की अफीम की फसल बरामद की है। यहां से किसान सहादुर नगेशिया और दुईला नगेशिया को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि झारखंड के जतरा निवासी भूपेंद्र उरांव ने किसानों को मसाले और औषधीय फसल की खेती बताकर अफीम बोने के लिए तैयार किया था। किसानों को यह भी नहीं पता था कि वे अफीम की खेती कर रहे हैं और उन्हें अभी तक कोई पैसा भी नहीं मिला था।

**कृषि विस्तार अधिकारी सस्पेंड**

दुर्ग जिले के समोदा गांव में बीजेपी नेता के खेत में अफीम की खेती पकड़ाने के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी विभागीय कार्रवाई की है। इस मामले में लापरवाही पाए जाने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निलंबित कर दिया है।

## पीएम के खिलाफ विवादित टिपण्णी करने वाला कांग्रेस नेता विनोद तिवारी गिरफ्तार

**रायपुर, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

उत्तर प्रदेश के कौशांबी से छत्तीसगढ़ कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री विनोद तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। विनोद



तिवारी एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने कौशांबी पहुंचे थे, जहां दिल्ली पुलिस की टीम ने दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस नेताओं से मिली जानकारी के अनुसार, विनोद तिवारी ने बीते 3 फरवरी को अपने सोशल मीडिया हैंडल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक विवादित पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट को लेकर दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद कार्रवाई की गई है।

## 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी। वहीं, सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-NCR की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (RDF) पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।

## अडाणी पावर प्लांट में आगजनी, गाड़ियों में तोड़फोड़:सिंगरौली में लेबर की मौत पर भड़के, कर्मचारी को पीटा, काम छोड़ लौटे कई मजदूर

**सिंगरौली,एजेंसी।**

सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है।

हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था



और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था।

मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव छिपाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ये अफवाह भी फैली कि मजदूर लल्लन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हुई है।


कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन का दावा है कि मजदूर की मौत देर रात हार्ट अटैक से हुई। कंपनी के अंदर स्थिति तनावपूर्ण है। मजदूरों ने एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया और पलट दिया। पुलिस चौकी प्रभारी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर पलटा दी।

**प्रशासन बोला- मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी**

पावर प्लांट के अंदर मजदूर की निष्पक्ष जांच और साथी मजदूर की मौत का कारण स्पष्ट करने की मांग कर रहे थे। इस पर प्रशासन ने उन्हें भरोसा दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच होगी। कोई दोषी पाया जाएगा उसपर कार्रवाई की जाएगी। अगर प्रबंधन की तरफ से कोई लापरवाही हुई है तो उसकी भी जांच होगी। इसके बाद मजदूर शांत हुए।

**एक हजार से ज्यादा मजदूर अभी प्लांट के अंदर**

सिंगरौली बधौरा पावर प्लांट में हुए हादसे के बाद करीब 200 से ज्यादा पुलिस बल मौके पर तैनात है, वहीं मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, एडिशनल एसपी सहित कई थानों का पुलिस बल भी तैनात था। कंपनी में 10 हजार से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे, जिनमें से 8 से 9 मजदूर घटना होने के बाद अपना-अपना सामान लेकर प्लांट के बाहर निकल गए।



## मोदी बोले- कांग्रेस ने असम के युवाओं को गुमराह किया:उन्हें आतंकवाद के रास्ते पर धकेला, भाजपा ने सरकारी नौकरियों के रास्ते खोले

**गुवाहाटी, एजेंसी।**

पीएम मोदी ने असम दौरे के दूसरे दिन सिलचर में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम के युवाओं को गुमराह किया। उन्हें हिंसा और आतंकवाद के रास्ते पर धकेला। लेकिन आज यह राज्य अवसरों का सागर है। पीएम ने बताया कि कांग्रेस ने असम को 'फूट डालो-राज करो' नीति में रखा। आज असम खुला आसमान है। असम भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर का अहम हिस्सा बन रहा है। राज्य ने सरकारी नौकरियों के रास्ते खोले हैं। पीएम अपनी स्पीच में कहा कि कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट को भुला दिया था, लेकिन BJP की डबल इंजन की सरकार ने इसे ऐसे कनेक्ट किया जिसकी हर जगह चर्चा है। नॉर्थ ईस्ट आज दक्षिण एशिया जोड़ने वाला सेतु बन रहा है। इसके पहले मोदी ने सिलचर में 23,550 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सिचलर को बराक घाटी का गेटवे है। लेकिन कांग्रेस ने नॉर्थ ईस्ट को दिल्ली से और दिल से दूर रखा था।

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से पहले भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद हुआ है। गिरीश पार्क एरिया में दोनों ग्रुप ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। यहां एक रैली में मोदी ने कहा जंगलराज वालों का काउंटडाऊन शुरू हो गया है।

## मोदी रूकवा सकते हैं जंग-ईरान

**तेल अवीव/तेहरान,एजेंसी।**

मिडल ईस्ट व पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने भारत की संभावित कूटनीतिक भूमिका को लेकर बड़ा बयान दिया है। ईरान के सर्वोच्च नेता के भारत स्थित प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा है कि भारत को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते तेल और गैस की आपूर्ति मिलती रहेगी, लेकिन इस संकट का असली समाधान युद्ध को खत्म करने में है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कुछ चर्चाएं हुई हैं और उन्हें भरोसा है कि भारत को तेल, गैस और अन्य ऊर्जा संसाधनों का लाभ मिलता रहेगा।

## एलपीजी ला रहे 2 भारतीय जहाजों ने होर्मुज पार किया

**ईरान ने कल गुजरने की इजाजत दी थी, 2-3 दिन में भारत पहुंचेंगे**

**तेल अवीव/तेहरान,एजेंसी।**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का शनिवार को 15वां दिन है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर गए हैं।

ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी और अब ये भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं। शिपिंग जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के मुताबिक भारतीय झंडे वाले LPG कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार होर्मुज स्ट्रेट पार किया। दोनों जहाज कुल 92,700 टन LPG लेकर भारत आ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे हैं और इनके अगले 2-3 दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है।

## 1 अप्रैल से बदल जाएंगे टैक्स के नियम!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के टैक्स इतिहास में 1 अप्रैल 2026 की तारीख एक बड़े बदलाव की गवाह बनने जा रही है। सरकार ने दशकों पुराने नियमों को पीछे छोड़ते हुए नया इनकम टैक्स एक्ट, 2025 लागू करने का फैसला किया है। यह बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि आपके शेयर बाजार के मुनाफे से लेकर विदेश में बच्चों की पढ़ाई के लिए भेजे जाने वाले पैसों तक, हर जगह अपना असर दिखाएगा। हालांकि आम आदमी के लिए राहत की बात यह है कि टैक्स स्लैब में कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है, लेकिन रिटर्न फाइल करने की समय सीमा और कुछ खास शुल्कों में काफी फेरबदल हुआ है।

चिंतन

# महायुद्ध का दिखने लगा दुष्परिणाम

ईरान वर्सेस इजराईल-अमेरिका एवं रूस-यूक्रेन महायुद्ध का दुष्परिणाम पूरी दुनिया में दिखने लगा। भारत भी इससे अछूता नहीं। आयातीत पेट्रोलियम पदार्थों के कारण कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कमी दिखाई दे रही है। भारत में भी गैस सिलेण्डर की कमी का खासा असर लोगों को लगने लगा है। 15 दिन में मिलने वाला सिलेण्डर को पहले 25 दिन किया गया, अब 45 दिन कर दिया गया। सरकार की इस घोषणा से साफ जाहिर है कि महायुद्ध का दुष्परिणाम भारत में ही नहीं विश्व के कई देशों में दिखाई देने लगा है। आज ईगो के कारण महायुद्ध का खतरा मंडरा रहा है। विकसित देश अमेरिका, रूस अपने आपको महाशक्ति के रूप में स्थापित बनाए रखने के लिए महायुद्ध को हथियार बना रहे हैं और अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब दस दिनों से ईरान वर्सेस इजराईल-अमेरिका का महायुद्ध दुनिया को हैरान कर रहा है। ईरान ने काले बादलों की जहां बरसात हो रही है, वहीं ईरान के साथ-साथ इजराईल में भी तबाही का मंजर दिखाई दे रहा है। चीख-पुकार के बीच भारी बमबारी और तोपों की आवाज ने आम जनता की चीख को दबा दिया है और हजारों लोग अपना जीवन खो रहे हैं। महायुद्ध के बीच लोग अपने जीवन की तलाश में लगे हुए हैं और सेकण्ड में ही मौत के आगोशों में समा रहे हैं। महायुद्ध से पर्यावरण विनाश की लीला भी दिखाई दे रही है और वैश्विक चिंता का कारण बन रहा, यह महायुद्ध...।

-संपादक

# महतारी गौरव वर्ष: महिला सशक्तिकरण के नवयुग की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है। मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की है। यह पहल केवल एक औपचारिक घोषणा नहीं है, बल्कि महिलाओं को राज्य की विकास यात्रा के केंद्र में स्थापित करने का सशक्त संकल्प है।

**विश्वास से निर्माण और अब गौरव की ओर**

मुख्यमंत्री साय ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष को 'विश्वास वर्ष' के रूप में शासन-प्रशासन और जनता के बीच भरोसे की पुनर्स्थापना को समर्पित किया। इसके बाद दूसरे वर्ष को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाते हुए अधोसंरचना विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को नई गति दी गई। अब तीसरा वर्ष 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में माताओं और बहनों को समर्पित किया गया है, जिसमें राज्य की अधिकांश योजनाओं का केंद्रबिंदु महिलाएं होंगी। यह क्रम सरकार की संवेदनशील और समावेशी विकास की सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

**महतारी वंदन योजना : आत्मसम्मान और आर्थिक सुरक्षा का आधार**

छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना आज महिला सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। इस योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जा रही है। अब तक 15 हजार 595 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से महिलाओं को दी जा चुकी है। हाल ही में 24वीं किस्त के रूप में 68 लाख से अधिक महिलाओं को 641 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई।यह नियमित आर्थिक सहयोग महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है। कई महिलाएं इस राशि को केवल घरेलू खर्च तक सीमित न रखकर स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों में निवेश कर रही हैं।

**संघर्ष से स्वावलंबन तक : रोहनी पटेल की प्रेरक कहानी**

बालोद जिले के ग्राम खैरडीह की श्रीमती रोहनी पटेल इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। पति की असमय मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। घर में वृद्ध सास की देखभाल और कॉलेज में पढ़ रहे दो बच्चों की पढ़ाई की चिंता उनके लिए बड़ी चुनौती थी।ऐसे कठिन समय में महतारी वंदन योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। योजना से मिलने वाली राशि को उन्होंने सावधानीपूर्वक बचत कर अपने खेत में सब्जी उत्पादन का कार्य शुरू किया। बीज, खाद और कृषि सामग्री की व्यवस्था कर उन्होंने पूरी मेहनत से खेती की।

आज श्रीमती रोहनी पटेल अपने खेत में उगाई गई ताजी सब्जियों को स्थानीय बाजारों में बेचकर नियमित आय अर्जित कर रही हैं। इस आय से वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं और बच्चों की पढ़ाई भी निर्बाध रूप से जारी है। उनका यह प्रयास गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन चुका है।



### बिहान से बदली जिंदगी : 'लखपति दीदी' बनीं माहेश्वरी यादव

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम कोरदा की श्रीमती माहेश्वरी यादव भी महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरक मिसाल हैं। पहले उनका जीवन सामान्य गृहिणी की तरह घर-परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित था। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया। समूह के सहयोग और परिवार के समर्थन से उन्होंने गांव में एक छोटी किराना दुकान शुरू की। अपनी मेहनत और बेहतर प्रबंधन के बल पर यह दुकान धीरे-धीरे गांव में भरोसेमंद केंद्र बन गई। आज इस दुकान से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये की आय हो रही है और वे 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। इससे उनके बच्चों की शिक्षा और परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### आधुनिक तकनीक से नई पहचान : 'ड्रोन दीदी' सुश्री सीमा वर्मा

बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र की सुश्री सीमा वर्मा ने भी यह साबित किया है कि अवसर और प्रशिक्षण मिलने पर महिलाएं आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में भी नई पहचान बना सकती हैं।

स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने पहले मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया और बाद में ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शासन की सहायता से उन्हें ड्रोन सेट, जनरेटर और ई-वाहन उपलब्ध कराया गया।

आज सीमा वर्मा किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक छिड़काव कर रही हैं और इस कार्य से उन्हें सम्मानजनक आय प्राप्त हो रही है। गांव में लोग उन्हें स्नेहपूर्वक 'ड्रोन दीदी' के नाम से जानते हैं।

**बजट में महिला कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता**

राज्य सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 8 हजार 245 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है।

आंगनबाड़ी एवं पोषण योजनाओं के लिए 2 हजार 320 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 120 करोड़ रुपये, मिशन वात्सल्य के लिए 80 करोड़ रुपये तथा रानी दुर्गावती योजना के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त 750 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए 42 करोड़ रुपये और 250 महतारी सदनों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह बजटीय प्रावधान महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरिमा की सुदृढ़ व्यवस्था**

महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भी राज्य ने प्रभावी तंत्र विकसित किया है। वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन और डायल 112 के माध्यम से संकट की स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सुखद सहारा योजना के अंतर्गत 2 लाख 18 हजार से अधिक विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

**स्वावलंबन से नेतृत्व तक**

प्रदेश में 42 हजार से अधिक महिला स्व-सहायता समूहों को रियायती ऋण प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। रेडी-टू-ईट कार्य महिला समूहों को सौंपे जाने से उन्हें स्थायी आय का स्रोत मिला है। इसके साथ ही डिजिटल सखी, दीदी ई-रिक्शा, सिलाई मशीन सहायता, मिनीमाता महतारी जतन योजना और लखपति दीदी जैसी पहलें महिलाओं को नए आजीविका अवसर प्रदान कर रही हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के अनुसार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सुरक्षित तथा सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**विकसित छत्तीसगढ़ की सशक्त आधारशिला**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047' के माध्यम से राज्य को समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को अनिवार्य तत्व माना गया है।

'महतारी गौरव वर्ष' केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का व्यापक अभियान है। यह वर्ष छत्तीसगढ़ में मातृशक्ति के सम्मान, आत्मविश्वास और नेतृत्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेकर आया है। आज प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भरता, नवाचार और नेतृत्व के साथ विकास की नई कहानी लिख रही हैं। यही सशक्त मातृशक्ति विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ की सबसे मजबूत आधारशिला बनेगी।

डॉ. दानेश्वरी संभाकर
उप संचालक, जनसंपर्क विभाग

**चैत्र नवरात्रि को माता दुर्गा की उपासना का सर्वोत्तम समय माना जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान भक्त मां दुर्गा के अलग-अलग नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं, जिन्हें नवदुर्गा कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह आत्मिक ऊर्जा और साधना का समय भी होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि देवी दुर्गा ने सृष्टि की रक्षा और अधर्म के नाश के लिए अलग-अलग समय पर विभिन्न रूप धारण किए। यही कारण है कि नवरात्रि के हर दिन देवी के एक विशेष स्वरूप की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इन नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की श्रद्धा से आराधना करने से जीवन में शक्ति, ज्ञान, साहस और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।**



# चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा क्यों की जाती है? जानें हर दिन का विशेष महत्व

धार्मिक ग्रंथों जैसे मार्कंडेय पुराण और दुर्गा सप्तशती में देवी के इन नौ स्वरूपों का उल्लेख मिलता है। इन ग्रंथों के अनुसार देवी शक्ति ही सृष्टि की मूल ऊर्जा हैं और उनके ये नौ रूप जीवन के अलग-अलग गुणों और शक्तियों का प्रतीक माने जाते हैं। नवरात्रि के नौ दिन एक आध्यात्मिक यात्रा की तरह माने जाते हैं, जिसमें साधक धीरे-धीरे अपने भीतर की नकारात्मकता को दूर कर आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा को जागृत करता है।

**पहले दिन - मां शैलपुत्री की पूजा से नवरात्रि की शुरुआत**

नवरात्रि का पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित होता है. 'शैल' का अर्थ पर्वत होता है और शैलपुत्री का मतलब है पर्वतराज हिमालय की पुत्री। देवी का यह स्वरूप माता पार्वती का पहला रूप माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां पार्वती पहले जन्म में देवी सती थीं। एक बार माता सती के पिता ने भगवान शिव का अपमान किया, जिसे माता सहन न कर सकीं और उन्होंने यज्ञ की अग्नि में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए। अगले जन्म में उन्होंने हिमालय के घर शैलपुत्री के रूप में जन्म लिया। मां शैलपुत्री को शक्ति और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। उनके हाथ में त्रिशूल और कमल होता है और वे वृषभ (बैल) पर सवार रहती हैं। मान्यता है कि उनकी पूजा से जीवन में स्थिरता, साहस और आत्मविश्वास प्राप्त होता है। इसी दिन कलश स्थापना के साथ नवरात्रि की शुरुआत होती है।

**दूसरे दिन - मां ब्रह्मचारिणी की आराधना का महत्व**

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। यह देवी का तपस्या और संयम का स्वरूप माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए हजारों वर्षों तक कठोर तप किया था। इस तपस्विनी रूप को ही ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। मां ब्रह्मचारिणी के हाथों में जपमाला और कमंडल होता है, जो साधना और तपस्या का प्रतीक हैं। उनकी पूजा से व्यक्ति को धैर्य, संयम और कठिन परिस्थितियों में दृढ़ रहने की शक्ति मिलती है।

**तीसरे दिन - मां चंद्रघंटा का रूप देता है साहस**

नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है। उनके मस्तक पर अर्धचंद्र के आकार की घंटी होती है, इसलिए उन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। देवी का यह रूप अत्यंत वीर और शक्तिशाली माना जाता है। कहा जाता है कि जब दुष्ट शक्तियां पृथ्वी पर अत्याचार करने लगीं, तो देवी ने इसी रूप में उनका संहार किया। मां चंद्रघंटा सिंह पर सवार रहती हैं और उनके दस हाथों में विभिन्न अस्त्र-शस्त्र होते हैं। उनकी आराधना से भय, संकट और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है और जीवन में साहस बढ़ता है।

**चौथे दिन - मां कूष्मांडा को माना जाता है सृष्टि की रचयिता**

नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि जब सृष्टि में चारों ओर अंधकार था, तब देवी ने अपनी दिव्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें सृष्टि की आदिशक्ति माना जाता है। मां कूष्मांडा को सूर्य के समान तेजस्वी बताया गया है और माना जाता है कि वे सूर्य मंडल में निवास करती हैं। उनकी पूजा से शरीर में ऊर्जा, स्वास्थ्य और सकारात्मक शक्ति का संचार होता है।

**पांचवें दिन - मां स्कंदमाता की पूजा का महत्व**

नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। वे भगवान कार्तिकेय (स्कंद) की माता हैं। देवी का यह स्वरूप मातृत्व, करुणा और संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। मां स्कंदमाता सिंह पर सवार रहती हैं और अपनी गोद में बाल रूप में स्कंद को धारण करती हैं। मान्यता है कि उनकी पूजा से संतान सुख, परिवार में सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त होती है।

**छठे दिन - मां कात्यायनी का स्वरूप देता है शक्ति और विजय**

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार महर्षि कात्यायन की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया था, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था, इसलिए उन्हें साहस और विजय की देवी माना जाता है। उनकी पूजा से जीवन में साहस, शक्ति और कठिन परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

**सातवें दिन - मां कालरात्रि का उग्र स्वरूप दूर करता है भय**

नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। यह देवी का सबसे उग्र और शक्तिशाली स्वरूप माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब राक्षसों का आतंक बढ़ गया था, तब देवी ने कालरात्रि रूप धारण कर उनका विनाश किया। उनका वर्ण काला, केश बिखरे हुए और आंखों से अग्नि निकलती हुई बताया गया है। हालांकि उनका स्वरूप भयानक दिखता है, लेकिन वे अपने भक्तों को हमेशा भय और संकट से बचाती हैं। इसलिए उन्हें शुभ फल देने वाली देवी भी कहा जाता है।

**आठवें दिन - मां महागौरी का शांत स्वरूप देता है सुख और सौभाग्य**

नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। यह देवी का बेहद शांत और सौम्य रूप माना जाता है। कथाओं के अनुसार कठोर तपस्या के कारण देवी पार्वती का शरीर काला पड़ गया था, लेकिन भगवान शिव ने गंगाजल से उनका अभिषेक किया, जिससे उनका रंग अत्यंत गौर हो गया। इसी कारण उन्हें महागौरी कहा गया। उनकी पूजा से जीवन में सुख, शांति, सौभाग्य और समृद्धि आती है।


**नौवें दिन - मां सिद्धिदात्री की पूजा से पूरी होती है साधना**

नवरात्रि का अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री को समर्पित होता है। देवी का यह स्वरूप सभी प्रकार की सिद्धियों और शक्तियों को देने वाला माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव ने भी देवी सिद्धिदात्री की आराधना करके कई दिव्य शक्तियां प्राप्त की थीं। मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से ज्ञान, सफलता और आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद मिलता है। नवरात्रि की साधना इसी दिन पूर्ण मानी जाती है।

चैत्र नवरात्रि के नौ दिन देवी शक्ति की आराधना के साथ-साथ आत्मिक विकास की यात्रा भी माने जाते हैं। संजीत मिश्रा (एजेंसी)

नवरात्रि

# उच्च जीवन मूल्य समाहित है नवरात्रि में




भारत वह पुण्य धरा है, जहां जन्म लेने भगवान भी आतुर दिखाई देते हैं। यहां कण-कण में राम का वास है। यह वह देश है, जहां पत्थर भी पूजे जाते हैं। यहां का जीवन मूल्य उच्च है। बच्चों को जहां राम के रूप में देखते हैं, वहीं बालिकाओं को सीता का स्वरूप माना जाता है। यहां हर त्यौहार का एक अलग महत्व होता है। यहां का हर त्यौहार जीवन मूल्यों को समेटे हुए होता है।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083, 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। एक ओर आदि शक्ति की उपासना का पर्व, वहीं दूसरी ओर हिन्दू नववर्ष का आगाज हो रहा है। दो गुनी खुशी और उल्लास इस नवरात्रि में देखने को मिलेगा। यह नवरात्रि मानव जीवन के उच्च जीवन मूल्यों को दर्शाती है। चैत्र नवरात्रि केवल आदिशक्ति की आराधना का महापर्व ही नहीं है, यह उत्सव है मानव जीवन में आत्म सुधार और मानसिक शक्ति जैसे उच्च जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का। नवरात्रि की उपासना और आदिशक्ति की पूजा-उपवास से जहां सात्विक ऊर्जा का संचार होता है, वहीं जीवन में अनुशासन की सीख भी मिलती है। उपवास से आंतरिक शक्ति बढ़ती है और मन में नियंत्रण की क्षमता भी बढ़ती है। माँ के नौ रूपों की पूजा से जीवन के विभिन्न पहलुओं को संतुलित करने की क्षमता का विकास होता है। हिन्दू धर्म में आध्यात्म का विशेष महत्व है। जब मंदिर या घर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होते हैं, तो सात्विक ओज से चारों तरफ प्रकाश पूंज हमें करूणा और उदारता की सीख देता है।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282




## नारी तुम केवल श्रद्धा हो...

क्या कहती हो ठहरो नारी
संकल्प अश्रु-जल-से-अपने
तुम दान कर चुकी पहले ही
जीवन के सोने-से सपने
नारी! तुम केवल श्रद्धा हो
विश्वास-रजत-नग पगतल में
पीयूष-स्रोत-सी बहा करो
जीवन के सुंदर समतल में
देवों की विजय, दानवों की
हारों का होता-युद्ध रहा
संघर्ष सदा उर-अंतर में जीवित
रह नित्य-विरूद्ध रहा
आँसू से भींगे अंचल पर
मन का सब कुछ रखना होगा
तुमको अपनी स्मित रेखा से
यह संधिपत्र लिखना होगा

## आज नदी बिल्कुल उदास थी

आज नदी बिल्कुल उदास थी,
सोई थी अपने पानी में,

उसके दर्पण पर
बादल का वस्त्र पड़ा था।

मैंने उसको नहीं जगाया,
दबे पाँव घर वापस आया।

-केदारनाथ अग्रवाल

## पहाड़ पर लालटेन

जंगल में औरतें हैं
लकड़ियों के गट्ठर के नीचे बेहोश

जंगल में बच्चे हैं
असमय दफ़नाए जाते हुए

जंगल में नंगे पैर चलते बूढ़े हैं
डरते-खाँसते अंत में ग़ायब हो जाते हुए

जंगल में लगातार कुल्हाड़ियाँ चल रही हैं
जंगल में सोया है रक्त

धूप में तपती हुई चट्टानों के पीछे
वर्षों के आर्तनाद हैं

और थोड़ी-सी घास है बहुत प्राचीन
पानी में हिलती हुई

अगले मौसम के जबड़े तक पहुँचते पेड़
रातोंरात नंगे होते हैं

सूई की नोक जैसे सन्नाटे में
जली हुई धरती करवट लेती है

और एक विशाल चक्के की तरह
घूमता है आसमान
जिसे तुम्हारे पूर्वज लाए थे यहाँ तक

वह पहाड़ दुख की तरह टूटता आता है हर साल
सारे वर्ष सारी सदियाँ

बर्फ़ की तरह जमती जाती हैं
नि:स्वप्न आँखों में
तुम्हारी आत्मा में

चूल्हों के पास पारिवारिक अंधकार में
बिखरे हैं तुम्हारे लाचार शब्द

अकाल में बटोरे गए दानों जैसे शब्द
दूर एक लालटेन जलती है पहाड़ पर

एक तेज़ आँख की तरह
टिमटिमाती धीरे-धीरे आग बनती हुई

देखो अपने गिरवी रखे हुए खेत
बिलखती स्त्रियों के उतारे गए गहने

देखो भूख से बाढ़ से महामारी से मरे हुए
सारे लोग उभर आए हैं चट्टानों से

दोनों हाथों से बेशुमार बर्फ़ झाड़कर
अपनी भूख को देखो

जो एक मुस्तैद पंजे में बदल रही है
जंगल से लगातार एक दहाड़ आ रही है

और इच्छाएँ दाँत पैने कर रही हैं
पत्थरों पर।

– मंगलेश डबराल

# एसईसीएल सतर्कता की नज़र, 'प्रयास' का असर- 846 विधवा-परिजनों को मिला हक़

## एसईसीएल मानव संसाधन विभाग - सीएमपीएफओ की संयुक्त पहल, 'प्रयास' शिविरों से क्लेम सेटलमेंट प्रक्रिया हुई तेज

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल के सतर्कता विभाग की अगुआई में साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) में पीएफ-पेंशन विभाग एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) के संयुक्त प्रयासों से अप्रैल 2025 से अब तक पीएफ एवं पेंशन के 846 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है। यह पहल विशेष रूप से दिवंगत कर्मियों की विधवाओं और आश्रितों को सामाजिक सुरक्षा लाभ समय पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई है।

**दिवंगत कर्मियों की विधवाओं और आश्रितों को राहत**

इन मामलों में बड़ी संख्या मृत कर्मचारियों के आश्रितों, विशेषकर विधवा एवं बाल पेंशन से संबंधित मामलों की थी। ऐसे मामलों में विलंब से लाभ मिलने के कारण परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संवेदनशील विषय को गंभीरता से लेते हुए एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने 5 अप्रैल 2025 को सीएमपीएफओ और प्रबंधन के साथ इस मुद्दे को औपचारिक रूप से उठाया तथा लंबित मामलों के शीघ्र और समयबद्ध निपटारे के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

**संयुक्त बैठक और सतत निगरानी से तेज हुई प्रक्रिया**

सतर्कता विभाग की पहल के बाद 22 अप्रैल 2025 को एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सीएमपीएफओ तथा विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारियों के साथ एक तात्कालिक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित मामलों की केस-वाइज समीक्षा की गई और उनके शीघ्र निपटारे के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही पीएफ-पेंशन मामलों की प्रगति पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मासिक समीक्षा तंत्र भी शुरू किया गया।

**रैंडम फोन कॉल के माध्यम से कर्मियों से लिया गया सीधा फीडबैक**

प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन द्वारा पूर्व कर्मचारियों के आश्रितों से रैंडम फोन कॉल के माध्यम से सत्यापन किया गया तथा पेंशन भुगतान आदेश (PPO) प्राप्त कर उनकी निगरानी भी की गई।




### 'प्रयास' शिविरों से क्लेम सेटलमेंट में तेजी

मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सीएमपीएफओ की पहल पर 'प्रयास' नामक विशेष अभियान के अंतर्गत एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में जुलाई 2025 से फरवरी 2026 के बीच कुल 9 पीएफ-पेंशन शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे सहायता प्रदान की गई तथा आवश्यक दस्तावेजों का मौके पर सत्यापन कर लंबित मामलों के समाधान की प्रक्रिया को तेज किया गया।

इन समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप अप्रैल 2025 से अब तक प्रति माह औसतन लगभग 75 मामलों का निपटारा संभव हो पाया है। इस अभियान के चलते न केवल पुराने लंबित मामलों का तेजी से समाधान हुआ, बल्कि नए आने वाले मामलों के भी त्वरित निपटारे की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे कुल लंबित मामलों की संख्या न्यूनतम स्तर पर बनी हुई है।

### 7 दिनों में मिला पेंशन आदेश, परिवार ने जताया आभार

इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया का प्रभाव इस तथ्य से भी स्पष्ट होता है कि एसईसीएल मुख्यालय के स्वर्गीय कर्मचारी भारत भूषण की पत्नी श्रीमती विमला भूषण के विधवा पेंशन क्लेम का निपटारा मात्र 7 दिनों में कर दिया गया।



9 मई 2025 को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने के बाद 13 मई को प्रस्ताव भेजा गया और 15 मई 2025 को पेंशन भुगतान आदेश (PPO) जारी कर दिया गया।

इस संबंध में स्वर्गीय भारत भूषण के पुत्र नीरज भूषण ने कहा कि, 'हमें उम्मीद नहीं थी कि प्रक्रिया इतनी तेजी से पूरी हो जाएगी। एसईसीएल और सीएमपीएफओ के अधिकारियों के सहयोग से मेरी माता जी की विधवा पेंशन का निपटारा बहुत कम समय में हो गया। इससे हमारे परिवार को बड़ी राहत मिली है। इसके लिए हम सभी संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।'

एसईसीएल द्वारा अपनाए गए इस मॉडल को देखते हुए कोल इंडिया लिमिटेड की अन्य सहायक कंपनियों ने भी अपने-अपने संगठनों में पीएफ एवं पेंशन मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए इसी प्रकार के कदम उठाने शुरू किए हैं।

# बाला कॉन्सेप्ट के आधार पर बनाएं आंगनबाड़ी भवन-दिनेश नाग

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सुबह जनपद पंचायत करतला में तथा दोपहर में जिला पंचायत सभागार में जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले सभी सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।

समीक्षा के दौरान सीईओ श्री नाग ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से वर्ष 2024-26 के अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त आवासों का 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत प्लिंथ लेवल निर्माण पूर्ण कर जियोटैगिंग कराने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण कार्य भी 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ ने कहा कि डीएमएफ एवं मनरेगा के अभिसरण से स्वीकृत सभी आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण 'बाला कॉन्सेप्ट' के आधार पर किया जाए, ताकि भवन बच्चों के सीखने के अनुकूल और आकर्षक बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



समीक्षा बैठक में सीईओ जनपद पंचायत करतला वैभव कौशिक, सीईओ जनपद पंचायत कोरबा खगेश निर्मलकर, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौकरी के नाम पर 70,000 की ठगी और जातिगत प्रताड़ना, के.सी.सी. कंपनी के अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज

**कोरबा/हरदीबाजार ( दिव्य आकाश )।**

एसईसीएल दीपका परियोजना में कार्यरत निजी कंपनी के.सी.सी. के अधिकारियों द्वारा स्थानीय ग्रामीणों से नौकरी के नाम पर ठगी मारपीट और जातिगत अपमान का सनसनीखेज मामला सामने आया है हरदीबाजार पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत और उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कंपनी के मैनेजर सहित अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और SC/ST एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।

**घटना का विवरण**

शिकायतकर्ता मुकेश कुमार चैतन्य और दीपक सिंह कंवर निवासी हरदीबाजार ने आरोप लगाया है कि उन्हें के.सी.सी. कंपनी में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर चपरासी रामप्रताप पटेल ने 70,000 की अवैध वसूली की थी ।

25 फरवरी 2026 को जब पीड़ित अपना बकाया पैसा वापस मांगने कंपनी कार्यालय पहुंचे तो वहाँ मौजूद मैनेजर विकास दुबे रामप्रताप पटेल और रवि सिंह ने पैसे लौटाने के बजाय पीड़ितों के साथ अभद्रता की पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें जातिगत गालियां चमार/आदिवासी देकर अपमानित किया गया और बेरहमी से मारपीट कर कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया ।

**कानूनी कार्यवाही FIR No. व धाराएं**

प्रशासनिक दबाव और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ निम्नलिखित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है:-

01. BNS धारा 318(2):- धोखाधड़ी पैसे लेकर नौकरी न देना ।

02. BNS धारा 115(2) व 296:- स्वेच्छा से चोट पहुँचाना और अश्लील गाली-गलौज ।

03. BNS धारा 3(5):- सामूहिक रूप से अपराध को अंजाम देना ।

04. SC/ST एक्ट धारा 3(1)(ध):- सार्वजनिक रूप से जातिगत अपमान और प्रताड़ना ।

**मैनेजर विकास दुबे का विवादित इतिहास**

हैरानी की बात यह है कि आरोपी मैनेजर विकास दुबे के विरुद्ध पूर्व में भी 26 से



अधिक शिकायतें पुलिस अधीक्षक कार्यालय और स्थानीय थानों में लंबित हैं भू-विस्थापितों और ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन के संरक्षण के कारण अब तक इन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है ग्रामीणों ने मांग की है कि पुरानी शिकायतों की भी निष्पक्ष जांच कर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए ।

**पीड़ितों की मांग**

हम गरीब और अनुसूचित वर्ग के लोग हैं हमारी जमीनें SECL ने ली हैं हमें हक मिलना चाहिए था लेकिन यहाँ रसूखदार हमें लूट रहे हैं और अपमानित कर रहे हैं हमारी मांग है कि दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो।

## एसईसीएल में कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का सफल समापन

**डबल्यूसीएल बना विजेता, एसईसीएल को मिला दूसरा स्थान**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की मेजबानी में आयोजित कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का समापन समारोह दिनांक 14 मार्च 2026 को एसईसीएल वसंत विहार टाउनशिप स्थित वसंत क्लब में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार उपस्थित रहे। समापन समारोह में एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी - योजना/ परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधिगण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# वेदांता स्किल स्कूल बदल रहा है महिलाओं के साथ देश का भविष्य




**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले जहां कई युवा महिलाओं के पास रोजगार के सीमित अवसर थे, वहीं अब वे फैक्ट्रियों, तकनीकी कार्यों, हॉस्पिटैलिटी सेवाओं और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में काम कर रही हैं। इस बदलाव में बालको का वेदांता स्किल स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण और उद्योग से जुड़ा अनुभव दिया जाता है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ नौकरी के लिए तैयार हो रही हैं। कई महिलाओं के लिए यह यात्रा सिर्फ नौकरी पाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने परिवार का भविष्य बदलने का मौका है।

पूजा सोतकर बताती हैं कि मेरे लिए वेदांता स्किल स्कूल का प्रशिक्षण, आत्मनिर्भर बनने का रास्ता बना। उन्होंने कम उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था और कोरबा के एक बालिका आश्रय में पली-बढ़ी। उन्हें हमेशा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम कैसे काम करते हैं, यह जानने की जिज्ञासा रहती थी। इसी वजह से उन्होंने मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन कोर्स किया। प्रशिक्षण के बाद उन्हें बेंगलुरु की टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में ऑपरेटर की नौकरी मिली, जहां उन्हें सालाना रू. 2.00 लाख से अधिक वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं। आज वे अपने हुनर से सशक्त आत्मनिर्भर भविष्य बना रही हैं।

कोरबा के गोढ़ी गांव की काजल सांडे भी इस बदलाव की एक और मिसाल हैं। उन्होंने इलेक्ट्रिकल में आईटीआई करने के बाद स्किल स्कूल से तकनीकी प्रशिक्षण लिया। वे बताती हैं कि यहां मुझे इलेक्ट्रिकल सिस्टम, सुरक्षा और तकनीकी उपकरणों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला, जिससे मुझे उद्योग में काम करने का आत्मविश्वास मिला। इसके उपरांत उन्हें बालको में अप्रेंटिसशिप का मौका मिला और आज वे सुपरवाइजरी जिम्मेदारियां निभा रही हैं, एक ऐसा सपना जो कभी उन्हें दूर लगता था।



मनीषा रात्रे के लिए यह प्रशिक्षण हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अवसर लेकर आया। वे कहती हैं कि वेदांता स्किल स्कूल में फूड एंड बेवरेज सर्विस की ट्रेनिंग से मुझे हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम करने का आत्मविश्वास मिला। आज मैं अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हूं और अपनी छोटी बहन की पढ़ाई में भी मदद कर रही हूं।

जांजगीर-चांपा की पूर्णिमा रात्रे बताती हैं कि स्किल ट्रेनिंग से ग्रीन एनर्जी सेक्टर में भी नए अवसर खुल रहे हैं। सोलर पीवी इंस्टॉलर प्रोग्राम के जरिए मैंने सोलर पैनल इंस्टॉलेशन और इलेक्ट्रिकल सिस्टम की बुनियादी जानकारी सीखी। इस प्रशिक्षण ने मुझे बढ़ते रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया। पूर्णिमा को बेंगलुरु की फॉक्सकॉन प्रिसिजन इंजीनियरिंग में प्लेसमेंट मिला है। जो उनके करियर की शुरुआत है।

इस पहल का प्रभाव केवल नौकरी तक सीमित नहीं है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के साथ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की युवा महिलाएं देश की प्रमुख कंपनियों में काम कर रही हैं और समाज की सोच में भी सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

विभिन्न कार्यस्थलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ये महिलाएं दिखा रही हैं कि कौशल, अवसर और आकांक्षा मिलकर भारत के कार्यबल का भविष्य कैसे बदल सकते हैं।

## वेदांता स्किल स्कूल भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 5 स्टॉर रेटिंग सेंटर

वेदांता स्किल स्कूल भारत सरकार द्वारा पांच-सितारा रेटिंग प्राप्त स्मार्ट सेंटर है, जिसे नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) और सेक्टर स्किल्स काउंसिल (एसएससी) से मान्यता मिली है। वर्ष 2010 से अब तक यहां 14 हजार से अधिक ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। यह संस्थान सात ट्रेड्स में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देता है, जिनमें सिलाई मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, हॉस्पिटैलिटी, फिटर एंड अलाइनमेंट, सोलर पीवी टेक्नीशियन और मोबाइल रिपेयर ऑपरेटर शामिल हैं। प्रशिक्षण के साथ संचार कौशल, कार्यस्थल सुरक्षा, कानूनी अधिकार, महवारी स्वास्थ्य और बालको के अनुभवी कर्मचारियों से मेंटरशिप जैसी गतिविधियां भी कराई जाती हैं, ताकि प्रशिक्षु देशभर की कंपनियों में रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।



**अनस्टापेबल पत्रिका 2.0**
**12 प्रेरणादायी महिलाओं की कहानियों का संग्रह**

# आईजी मिलना कुर्रे ने बालको में 56 महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर टाउनहॉल का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मिलना कुर्रे, उप महानिरीक्षक पुलिस (आईजी), छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में कंपनी की 56 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2008 बैच की आईपीएस अधिकारी मिलिना कुर्रे ने बालको की महिला कर्मचारियों तथा बालको में समावेशी कार्यस्थल की सराहना की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'अनस्टॉपेबल' पत्रिका के दूसरे संस्करण का लोकार्पण रहा। इस पत्रिका में बालको परिवार की 12 प्रेरणादायी महिलाओं की कहानियाँ शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि कैसे इन महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने काम में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की और लगातार आगे बढ़ती रहीं हैं।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ में समाज को आगे बढ़ा रही हैं। कंपनी ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जिससे सभी को समानता के साथ आगे बढ़ने के मौके मिल रहा हैं। हमारे संयंत्र के संचालन में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाते हुए नवाचार को आगे बढ़ा रही हैं। उनकी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता हमें विश्व-स्तरीय एल्यूमिनियम निर्माण के साथ-साथ आसपास के समुदाय को सशक्त बनाने में मदद करती है। जैसे-जैसे हम अपनी 1 एमटीपीए क्षमता के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, महिलाओं का नेतृत्व एक अधिक समावेशी बालको और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्य अतिथि श्रीमती मिलना कुर्रे ने कहा कि समय के साथ हमने यह साबित किया है कि कोई भी कार्य महिलाओं की क्षमता से बाहर नहीं है। चाहे बीएसएफ और सेना में सेवा देना हो या सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में महत्वपूर्ण पद संभालना, महिलाएँ हर क्षेत्र में शक्ति और उद्देश्य के साथ नेतृत्व कर रही हैं। उनका विकास हमारे देश की निरंतर प्रगति का प्रतीक है और इस परिवर्तन को देखना गर्व की बात है। कोई भी समाज या संस्थान तभी वास्तविक रूप से समृद्ध होता है जब वह महिलाओं का सम्मान करता है। साथ ही यह सम्मान सदैव बना रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यस्थल में जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें भावनात्मक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक विशेष सत्र शामिल था। इसके साथ ही बालको मेडिकल सेंटर के सहयोग से स्तन कैंसर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रारंभिक जांच के महत्व, रोकथाम, नियमित स्क्रीनिंग, चेतावनी संकेतों की पहचान और इससे जुड़े भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया। सांस्कृतिक संध्या में ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियाँ और रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य, प्रस्तुतियाँ और नारी शक्ति को समर्पित गीतों की प्रस्तुति शामिल रही। साथ ही पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'गीव टू गेन' थीम पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी में कर्मचारियों, उनके परिवारों और समुदाय के सदस्यों की रचनात्मक कला भी प्रदर्शित की गई।

बालको निरंतर कौशल विकास कार्यक्रमों और महिलाओं के लिए अनुकूल सुविधाओं के माध्यम से एक समावेशी कार्यस्थल बना रहा है। इसमें चाइल्ड केयर के महत्व को ध्यान में रखते हुए महिला कर्मचारियों के लिए 'क्रेच' की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही महिलाओं को छह महीने का वैतनिक 'मातृत्व अवकाश' और अवकाश के उपरांत माताओं को बच्चे के छह वर्ष के होने तक 80 मिनट का नर्सिंग ब्रेक प्रदान किया जाता है। महिला कर्मचारियों के लिए 'वन डे वर्क फ्रॉम होम पॉलिसी' है जिसमें एक दिन घर से कार्य करने का अवसर मिलता है। इसके साथ कंपनी का लक्ष्य 2030 तक महिला कर्मचारियों की संख्या 30 प्रतिशत करना है।



# बालको की उन्नति परियोजना ने बदली ज़िंदगी, गंगोत्री से मशरूम दीदी बनने का सफर



**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) अपनी सामुदायिक विकास परियोजना 'उन्नति' के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन्हीं में से एक प्रेरक कहानी लालघाट क्षेत्र की निवासी गंगोत्री विश्वकर्मा की है, जिन्होंने रोज़ की मजदूरी से निकलकर मशरूम उत्पादन के ज़रिये आत्मनिर्भरता की नई पहचान बनाई। बालको के सामुदायिक विकास सहयोग और प्रशिक्षण से आज 'मशरूम दीदी' न सिर्फ अपने परिवार को संबल दे रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी आत्मनिर्भरता की राह खोल रही हैं।

गंगोत्री जी ने बताया कि कुछ साल पहले तक उनकी ज़िंदगी रोज़ की मजदूरी के सहारे चलती थी। सुबह काम मिले तो चूल्हा जले, नहीं मिले तो बच्चों के चेहरे देखकर मन भीतर ही भीतर टूट जाता था। भविष्य की चिंता हर रात नींद छीन लेती थी। लेकिन वर्ष 2019 उनकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ बनकर आया। इसी साल उन्नति परियोजना के माध्यम से जय मां हर्षिता स्व सहायता समूह से जुड़कर, मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लिया। उस दिन मैंने महसूस किया कि शायद मेरी मेहनत भी किसी दिन अपनी पहचान बना सकती है।

बालको के सहयोग से मिले प्रशिक्षण के बाद मैंने उसी वर्ष मशरूम की खेती शुरू की। शुरुआत में 16 बैग लगाए थे। मन में बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन जब फसल आई तो सिर्फ 2 बैग में ही मशरूम उगे। वही दो बैग मेरे लिए हार नहीं, बल्कि नई शुरुआत की उम्मीद बन गए। मैंने अपनी गलतियों को समझा, तकनीक पर ध्यान दिया और हिम्मत जुटाकर दोबारा कोशिश की। धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ता गया और आज मसरूम इकाई में लगभग 200 बैग तक मशरूम उत्पादन हो रहा है।

इसकी खेती में 20 से 25 दिनों के भीतर पैदावार की शुरुवात होती है, सप्ताह के अंतराल पर तीन बार फसल मिलती है। लगातार उत्पादन बना रहे, इसलिए मैं रोज़ाना लगभग दो नए बैग तैयार करती हूँ। अब मुझे इंतज़ार नहीं करना पड़ता, हर दिन मेरे सपनों की फसल तैयार होती है। मशरूम उत्पादन की विधि में पैरा-कुट्टी को भिगोकर उतना ही सुखाया जाता है जिससे हल्की नमी बरकरार रहे। पोषण के लिए बायो-स्टिमुलेंट पाउडर और रोग से बचाव के लिए फॉर्मूलिन पाउडर मिलाया जाता है। इसी वैज्ञानिक तरीके से तैयार किए गए बैग में अच्छी और सुरक्षित पैदावार होती है।

मैं अपनी पूरी उपज खुद बाज़ार में बेचती हूँ। शुरुआत के कठिन दौर में मुझे बालको सीएसआर से बहुत सहयोग मिला। उसी सहयोग से मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ा। आज मैं खुद बीज मंगवाती हूँ और अपने समूह की दूसरी महिलाओं को भी बीज उपलब्ध कराती हूँ। आज मैं जय मां हर्षिता स्व सहायता समूह की सचिव के रूप में कार्य कर रही हूँ। लोग मुझे 'मशरूम दीदी' के नाम से जानते हैं यह मेरे लिए गर्व की बात है।

कोविड काल मेरे परिवार के लिए सबसे कठिन समय था। मेरे पति की आमदनी लगभग बंद हो गई थी। कई बार लगा कि फिर से मजदूरी की ज़िंदगी में लौटना पड़ेगा। लेकिन उसी समय मशरूम की खेती हमारे लिए सहारा बन गई। इसी फसल से घर के खर्च के साथ ही हमने थोड़ी बचत भी शुरू की। मशरूम की आमदनी और पति के सहयोग से हम एक ऑटो खरीद सके। आज मेरे पति वही ऑटो चलाते हैं। समय मिलने पर वो मेरे काम में हाथ भी बंटाते हैं। अब घर में सिर्फ संघर्ष की बातें नहीं होतीं, बल्कि आगे बढ़ने के सपने होते हैं।

आज मशरूम उत्पादन से मुझे औसतन प्रति माह लगभग 15 हजार का लाभ हो जाता है। सबसे बड़ा सुकून इस बात का है कि अब मैं अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर निश्चिंत हूँ। मेरा सपना है कि आने वाले समय में मैं 200 बैग से बढ़ाकर 5 हजार बैग तक मशरूम उत्पादन कर सकूँ, ताकि सिर्फ मेरा परिवार ही नहीं, बल्कि मेरे जैसी और भी महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हो सकें।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो लगता है, मजदूरी से शुरू हुई मेरी ज़िंदगी ने आत्मनिर्भरता तक का सफर तय कर लिया है। सही प्रशिक्षण, संस्थागत सहयोग और मजबूत हौसलों से एक साधारण महिला भी अपने भविष्य की दिशा बदल सकती है।

## बालको के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने खेलों में भी बढ़ाया संस्थान का गौरव

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विजेता खिलाड़ियों को देश की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात करने का अवसर मिला। यह उपलब्धि दिखाती है कि बालको अपने कर्मचारियों को कार्यस्थल से आगे बढ़कर सीखने, आगे आने और अपनी प्रतिभा दिखाने के पूरे अवसर देता है। यह प्रतियोगिता ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्था 'मिथवा संकल्प समिति' द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग का भी सहयोग रहा। प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में हुई, जिसमें आठ राज्यों से आए 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बालको की ओर से भाग लेते हुए कर्मचारियों ने न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियाँ हासिल कीं, बल्कि संगठन की समावेशी संस्कृति का भी प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। बालको में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत आएशा ने 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्मविश्वास और अपनापन महसूस कराने का जरिया है। ट्रैक पर उतरकर मुझे यह एहसास हुआ कि मैं अपनी जिम्मेदारियों और पहचान से आगे भी बहुत कुछ कर सकती हूँ। ऐसी प्रतियोगिताएँ हमें अपनी क्षमताओं को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर देती हैं।

बालको के सुरक्षा गार्ड कुलेश्वर ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि बालको नियमित रूप से खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों को सुरक्षित और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण मिलता है। क्रिकेट के लिए आयोजित बालको प्रीमियर लीग और अन्य आंतरिक प्रतियोगिताएँ हमें एक साझा मंच पर जोड़ती हैं, जहाँ टीमवर्क सबसे अहम होता है। ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए ऐसे अवसर विशेष मायने रखते हैं, क्योंकि इससे हमें स्वीकार्यता और आत्मविश्वास दोनों मिलता है। वहीं, बालको में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत अलका नागरवाड़े ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मंच आत्मविश्वास बढ़ाने में बहुत मदद करते हैं। कंपनी और बाहरी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से मैंने चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित की है। अभ्यास और प्रदर्शन के लिए मिला प्रोत्साहन मेरे आत्मसम्मान को मजबूत करता है। अपनी 800 मीटर की दौड़ का हर पल मैंने पूरे उत्साह के साथ जिया।


बालको की मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुश्री प्रज्ञा पाण्डे के साथ ट्रांसजेंडर कर्मचारी

## मिडिल ईस्ट युद्ध का गैस सिलेण्डर आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं:स्थिति सामान्य-सारांश गैस एजेंसी




**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

इन दिनों मिडिल ईस्ट युद्ध से आम उपभोक्ता संशय की स्थिति में हैं, कि यदि यह युद्ध लंबा खींचा, तो पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होगी। गैस सिलेण्डर की आपूर्ति भी प्रभावित होगी, लेकिन कोरबा में भारत गैस सिलेण्डर की आपूर्ति पूर्ववत सामान्य ढंग से हो रही है।

सारांश गैस एजेंसी के संचालक ने आम उपभोक्ताओं से निवेदन करते हुए कहा है कि मिडिल ईस्ट युद्ध से गैस सिलेण्डर की आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं आ रहा है और उपभोक्ताओं को सामान्य रूप से गैस सिलेण्डर की आपूर्ति की जा रही है। संचालक ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा इंधन (गैस) की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है और हमारे पास पर्याप्त मात्र में गैस सिलेण्डर उपलब्ध है। उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए संचालक ने आश्वस्त किया है कि तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। जमाखोरी रोकने के लिए शासन ने जो गाइडलाइन्स जारी किया है, लेकिन सिलेण्डर समय पर उपलब्ध हो रहा है और डिलिवरी भी समय पर की जा रही है।

## जल संसाधन में प्रमोशन

## सहायक अभियंता नयन रंजन चौधरी बने कार्यपालन अभियंता

### मानचित्रकार रावेन्द्र सिंह एवं जालंधर रैदास बने सहायक अभियंता

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग में अपने कई अधिकारियों की प्रमोशन लिस्ट जारी की है, जिसमें कोरबा जल संसाधन संभाग में प्रभारी कार्यपालन अभियंता (सहायक अभियंता) नयन रंजन चौधरी को प्रमोट करते हुए कार्यपालन अभियंता बनाया है। प्रमोशन मिलने के बाद नयन रंजन चौधरी फूलफ्लेश कार्यपालन अभियंता बन गए हैं।

**मानचित्रकार रावेन्द्र सिंह एवं जालंधर रैदास बने सहायक अभियंता**

मानचित्रकार के रूप में वर्षों तक कोरबा संभाग को सेवा देने के बाद 09 मार्च को रावेन्द्र सिंह एवं जालंधर रैदास को सहायक अभियंता के रूप में शासन ने पदोन्नत किया है। अभी दोनों अधिकारियों की नई पदस्थापना जारी नहीं की गई है।

**जल संसाधन संभाग कोरबा में बंटी मिठाईयां:दी गई बधाईयां**

सहायक अभियंता नयन रंजन चौधरी को कार्यपालन अभियंता, मानचित्रकारद्वय रावेन्द्र सिंह एवं जलांधर रैदास को सहायक अभियंता बनाए जाने पर जल संसाधन संभाग कोरबा में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाईयां दी और मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई।

ज्ञातव्य हो कि वर्षों के इंतजार के बाद प्रदेश में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बड़ी संख्या में पदोन्नति मिली है। कई वरिष्ठ अधिकारियों की सेवानिवृत्ति के बाद कई पद खाली थे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पाली मण्डल अध्यक्ष बने रामफल पटेल

**क्षेत्र के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दी बधाई**

**संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करूंगा-रामफल**




**कोरबा/पाली ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर ने भाजपा संगठन को और मजबूत करने के लिए अपनी नई कार्यकारणी का गठन किया है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है।

भारतीय जनता पार्टी मण्डल पाली के लिए भाजपा के समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ता रामफल पटेल को मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। श्री पटेल की नियुक्ति से पाली मण्डल में भाजपा और सशक्त होगी। श्री पटेल को नई जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

पूरी ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा- रामफल पटेल

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पाली मण्डल अध्यक्ष बनने के बाद रामफल पटेल ने कहा-मैं नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ पूरी करने का प्रयास करूंगा और भाजपा संगठन को और मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा का विस्तार करने के साथ सक्रिय और भाजपा के ईमानदार कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर संगठन को और मजबूत बनाने का प्रयास टीम भावना के साथ करूंगा एवं भाजपा की रीति-निति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए भी टीम भावना के साथ कार्य करूंगा।

## माँ गायत्री मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह:जीवन के सुखद पलों से रू ब रू हुए प्रबंधन के सदस्य



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

माँ गायत्री मंदिर एवं गायत्री हायर सेकेण्डरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में पावर हाऊस रोड स्थित माँ गायत्री मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का लघु, किन्तु भव्य आयोजन किया गया। यहां उपस्थित मंदिर प्रबंधन एवं गायत्री हायर सेकेण्डरी स्कूल शिक्षण समिति के सदस्यों के अलावा कोरबा के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए और प्राकृतिक रंगों से तिलक लगाकर एक-दूसरे को रंगोत्सव की बधाईयां दी और एक-दूसरे के समृद्ध और खुशहाल जीवन की कामनाएं दी गई। रंगोत्सव के बाद सभी ने स्वादिष्ट और सात्विक व्यंजनों का लुफ्त उठाया। यहां का रंगोत्सव कार्यक्रम लघु था, किन्तु दिव्य आयोजन था। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्राचार्य अशोक कुमार शुक्ला, इंद्रजीत शर्मा, कन्हैया सिंह सहित प्रबंधन के सभी सदस्य उपस्थित थे। गायत्री परिवार की वरिष्ठ सदस्य डॉ. श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया कि इस तरह के सामूहिक आयोजन से जीवन की खुशियों में रंग भरते हैं और सामाजिक जीवन का विस्तार होता है। कुछ पल अपने लिए निकालना, समय की जरूरत है और इससे जीवन खुशहाल बनता है और सामाजिक कार्यक्रमों से एकता और सद्भाव का विस्तार होता है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: महिला पत्रकार श्रीमती रेणु जायसवाल सम्मानित



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जिला प्रशासन ने 08 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजीव गांधी आडिटोरियम में जिला स्तरीय महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कोरबा की महिला प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कोरबा की तेज तर्रार महिला पत्रकार एवं साधना न्यूज चैनल की जिला ब्यूरो प्रमुख श्रीमती रेणु जायसवाल को भी सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि श्रीमती रेणु जायसवाल अपनी तीक्ष्ण लेखनीय और निष्पक्ष समाचार के कारण कोरबा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी अलग छाप छोड़ी है। वे कोरबा के पत्रकार जगत की जानमानी हस्ती हैं।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस जिला स्तरीय महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लखन लाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी तरूण कुमार किरण, सीईओ-जिला पंचायत दिनेश नाग, डीपीओ-महिला एवं बाल विकास विभाग बसंत मिंज एवं उपस्थित अतिथियों के हाथों सम्मानित हुईं। श्रीमती रेणु जायसवाल को सम्मानित किए जाने पर पत्रकारों ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## कोरबा में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की नई सौगात, शिवाय हॉस्पिटल का शुभारंभ

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**





शहर के लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शिवाय हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ 07 मार्च रविवार को मुख्य अतिथि उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के हाथों हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर निगम कोरबा के सभापति नूतन सिंह ठाकुर तथा भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी समेत शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

शिवाय हॉस्पिटल कोरबा में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की नई सौगात है। यह सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल शहर के हृदय स्थल न्यू बस स्टैंड, टी.पी. नगर में स्थापित किया गया है। हॉस्पिटल में 100 बिस्तरों के साथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। प्रबंधन के अनुसार शिवाय हॉस्पिटल में मरीजों के लिए अत्याधुनिक तकनीक से युक्त मशीनें और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध है। साथ ही अनुभवी डॉक्टरों की टीम, आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं, अनुभवी नर्सिंग केयर और पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। हॉस्पिटल में 24X7 एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध है।



शिवाय हॉस्पिटल के संचालक डॉ. दिविक मित्तल (न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन), आशीष भावनानी (B.Arch) तथा डॉ. यश मित्तल (CEO) ने बताया कि हॉस्पिटल का उद्देश्य कोरबा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को महानगरों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।

## जिला कांग्रेस शहर की नई कार्यकारणी:10 महामंत्री बनाए गए, 06 उपाध्यक्ष, विनोद अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनीराम साहू, आनंद पालीवाल, रवि महामंत्री

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत के सहमति एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अनुशंसा पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

जिसमें विनोद अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्चना उपाध्याय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, अशोक लोध एवं पूर्व एल्डरमेन आरिफ खान को उपाध्यक्ष का जिम्मा दिया गया है। वहीं रमेश जायसवाल, पूर्व एल्डरमेन रेखा त्रिपाठी, लक्ष्मीनारायण देवांगन, पूर्व एल्डरमेन मनीराम साहु, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जैन, एफ डी मानिकपुरी, आनंद पालीवाल, पार्षद रवि सिंह चंदेल, गिरधारी बरेठ, अनुराग मोहितनाथ को महामंत्री बनाये गए हैं। डॉ.एल पी साहु, रतन लाल यादव, सुरेश पटेल (भिलाई खुर्द) डॉ.डी आर नेताम, संजीव कुमार अग्रवाल, फरियाद अली, प्रमोद श्रीवास, धनंजय चंद्रा, अनिल अग्रवाल, राजेन्द्र सूर्यवंशी, राजूधन चंदानी, संतोष यादव को सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है ।

अवधेश सिंह, शत्रुहन श्रीवास, सनीष कुमार, बिसाहु कुंभकार, सरस्वती कंवर, हीरालाल साहु, क्रांति सोनी, अगहन बाई मुड़ापार, संजू देवी पैकरा एवं दिनेश कैवर्त को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है।

नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने जो भरोसा उन पर जताया है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरी करने का हर संभव प्रयास करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने बताया कि शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी का और विस्तार किया जावेगा। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी और बूथ कमेटी का गठन होगा। जिसमें सभी सक्रीय कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा। श्री राठौर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासनिक) मलकीत सिंह गैदु ने पत्र प्रेषित कर बताया कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश से प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी में संगठनात्मक ढांचा को शीघ्र ही पूरा करना होगा । जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस ने जिलेवार प्रभारी की नियुक्ति की है।

कोरबा शहर कांग्रेस कम्टी के लिए विजय केशरवानी प्रभारी बनाए गए हैं। वहीं ग्रामीण कांग्रेस के लिए डॉ. विनय जायसवाल प्रभारी नियुक्त हुए हैं। प्रभारी शुक्रवार तक अपने प्रभार क्षेत्र का दौरा करेंगे और ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी के गठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करेंगे ।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री द्वारा जारी किये गए पत्र में स्पष्ट निर्देश है कि विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड के अध्यक्षगणों सहित प्रमुख एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों को उनके निवासरत बूथ में बीएलए नियुक्त किया जाना है।

वर्तमान में कोरबा विधानसभा में 299 बूथ संख्या है जो कि पिछले 2023 के विधानसभा एवं 2024 के लोकसभा चुनाव के समय 244 बूथ संख्या थे। इस प्रकार कोरबा लोकसभा में 55 बूथ, वहीं कटघोरा में 30, पाली तानाखार में 23 एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 22 बूथ संख्या बढ़े हैं। जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि सभी कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा, आने वाले समय में शीघ्र ही सबको जिम्मेदारी मिलेगी।

## सोहागपुर में गौधाम का हुआ उद्घाटन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



सोहागपुर में शनिवार को गौधाम सोहागपुर के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गौ सेवा आयोग जिला स्तरीय समिति कोरबा के अध्यक्ष विनय सिंह, जनपद सदस्य सुहागपुर श्रीमती अनसुईया राठौर, सांसद प्रतिनिधि सहसराम कौशिक, उपसरपंच सुहागपुर विजय कुमार जांगड़े तथा गौ सेवा आयोग विकासखंड स्तरीय समिति करतला के अध्यक्ष मारुति पटेल शामिल हुए। इसके अतिरिक्त कमल वैष्णव, शिव कुमार, उत्तम यादव, आयुष सक्सेना तथा जगदीश कंवर (सदस्य, गौ सेवा आयोग विकासखंड स्तरीय समिति करतला) की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह हर्ष एवं उल्लास के वातावरण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गौधाम सोहागपुर समिति स्वर्गीय वैद्य नत्थुराम कौशिक चिचोली गौशाला, विकासखंड करतला द्वारा किया गया। इस आयोजन में गौशाला के अध्यक्ष साखीराम कौशिक जी का विशेष एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में पशुधन विकास विभाग करतला के समस्त स्टाफ का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। विभाग के डॉक्टर वीरेंद्र पाल कंवर सहित एवीएफओ श्यामलाल बिंझवार, रमेश कंवर, राम सिंह कंवर, श्रीमती ललिता कंवर, वैभव जायसवाल, रघुवीर सिद्धार्थ तथा छबिलाल साहू ने कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने गौसंवर्धन और गौसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौधाम सोहागपुर के संचालन के लिए समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं गौसेवा से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## रोजगार कार्यालय कोरबा में प्लेसमेन्ट कैम्प 16 मार्च को

**कोरबा (दिव्य आकाश)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 16 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें नियोजकों-श्रमिन टैलेंट प्रा0लि0रायपुर, सिटी डेंटल हॉस्पिटल कोरबा, फिजिक्सवालाह कोरबा और श्री क्वालिटी सर्विसेस पुने द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है – इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन - 100, रिसेप्सनिश्ट - 03, डेण्टल असिस्टेंट - 10 ऑफिस बॉय - 01, ड्राईव्हर - 02, कैरियर काउंसलर- 04, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह - 04, इंग्लिश टीचर - 04, क्वालिटी इंस्पेक्टर - 100 पद,योग्यता- 10वी, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आयुसीमा- 18-35 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 7,000 से 20,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त रिक्त पद कोरबा एवं पुणे के लिए है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट में आवेदक का रोजगार पंजीयन आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन नहीं किया है वे उक्त वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु अपना समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा के दूरभाष नंबर 07759-222069 में संपर्क कर सकते हैं एवं रोजगार कार्यालय के टेलीग्राम ग्रुप-से जुड़ सकते हैं।

## चोरी के तीन मामलों का खुलासा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** पुलीस ने चोरी के तीन मामलों का खुलासा किया है। रामपुर सिविल लाईन थाना अंतर्गत अमित दिवाकर एवं नंदकुमार के घर चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उरगा थाना अंतर्गत चोरी का भी खुलासा हुआ है और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।






# सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा जिला-कोरबा

## माँ सर्वमंगला की आरती

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी ।
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को ।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै ।
रक्त पुष्प गल माला, कंठन पर साजै ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी ।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती ।
कोटिक चंद्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती ।
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे ।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी ।
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरो ।
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता । सुख संपति करता ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी । [खड्ग खप्पर धारी]
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती ।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

श्री अम्बेजी की आरति, जो कोई नर गावे ।
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी ।
माँ सर्वमंगला देवी की जय

**माँ सर्वमंगला देवी सबकी मनोकामना पूर्ण करें**



## चैत्र वासंती नवरात्रि - 19 मार्च से 27 मार्च 2026

**हे माँ! सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।**
**विश्व में शांति की स्थापना करें।**

## सर्व सिद्धि प्रदात्रि माँ सर्वमंगला देवी

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से बसंत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन गुरूवार, दिनांक 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगा एवं बसंत चैत्र नवरात्रि पर्व शुक्ल पक्ष नवमी दिन शुक्रवार, दिनांक 27.03.2026 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ एवं उनके श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 901/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्ति यों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।



**मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कर करें मनोकामना पूर्ण**

**घृत ज्योति कलश - रूपए 2100/-**
**तैल ज्योति कलश - रूपए 901/-**



माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दर्री रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, एजुकेशन हब, कचहरी चौक, डीडी प्लाजा, जांजगीर - 9098888246, 9098888644, अजय मोबाईल - सब्जी मार्केट के सामने, मंगला चौक बिलासपुर - 9098888260, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा- 7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।

**असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय**



**सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन...**
**एवं हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2083 की अनंत शुभकामनाएं...**



**चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा गुरूवार, 19.03.2026** शैलपुत्री देवी पूजन, नवरात्रि प्रारंभ, घट स्थापना, दीप प्रज्जवलित, वेदी पूजन, महाश्रृंगार रात्रि, भोग - गाय का घी, फल- संतान प्राप्ति।



**चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया शुक्रवार, 20.03.2026** ब्रम्हचारिणी देवी पूजन, भोग मिश्री, फल - मोक्ष प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



**चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया शनिवार, 21.03.2026** चन्द्रघण्टा देवी पूजन भोग - गाय का दूध, खीर, फल - ऐश्वर्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



**चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी रविवार, 22.03.2026** माँ कुष्माण्डा देवी पूजन भोग-मालपुआ, फल - शत्रुनाश एवं महाश्रृंगार-रात्रि



**चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी सोमवार, 23.03.2026**
माँ स्कन्द माता पूजन, भोग-केला फल, फल - आरोग्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार -रात्रि



**चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी मंगलवार, 24.03.2026**
माँ कात्यायनी पूजन भोग-शहद, फल - शादी परिणय बंधन एवं महाश्रृंगार- रात्रि



**चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी बुधवार, 25.03.2026**
कालरात्रि पूजन भोग - गुड़, फल - विजय प्राप्ति एवं महाश्रृंगार- रात्रि



**चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी गुरूवार, 26.03.2025**
महागौरी पूजन, भोग - सूजी का हलवा, फल - धन प्राप्ति तथा पूर्णाहुति, हवन - सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण, ब्राम्हणभोज, कन्याभोज



**रामनवमी शुक्रवार,27.03.2026**
सिद्धिदात्री पूजन, भोग-धान, तिल- लाई, फल-वाणी सिद्धि प्राप्ति तथा सम्पूर्ण नवरात्रि एवं जवारा कलश विसर्जन, शाम 05:00 बजे।

दिव्य आकाश

**नोट:** चैत्र नवरात्रि पर्व 19.03.2026, गुरूवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 901/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 26.03.2026, गुरूवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 27.03.2026, शुक्रवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी । माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रति सुबह 5.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

मंदिर परिसर में
प्लास्टिक थैले का उपयोग न करें।
परिसर को स्वच्छ रख कर सहयोग करें।

## राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय (नन्हा)

प्रबंधक एवं व्यवस्थापक

## श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर

## दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com